PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

17-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**17th November 2019**

# करेंट अफेयर्स – 17 नवंबर 2019

## 1. भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा नल से सप्लाई किये जाने वाले पानी पर रैकिंग जारी की गई

- केन्द्रीय उपभोक्ता और कार्यमंत्री रामविलास पासवान के द्वारा पाइप से आपूर्ति किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता पर एक सूची जारी की गई है।
- यह सूची भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा तैयार की गई है।
- इस सूची को तैयार करने के लिए 20 राजधानियों से पाइप द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले पानी के नमूने लिए गये थे।
- इस सूची में पानी की गुणवत्ता में मामले में **मुम्बई** शीर्ष स्थान पर है।
- अन्य राजधानियों जैसे कि दिल्ली चंडीगढ़, पटना, गोवाहाटी, बैंग्लुरू, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई आदि के नमूने भारतीय मानक ब्यूरो के पैमाने पर खरे नहीं उतरे।
- ज्ञातव्य है कि **जल जीवन अभियान** के अंतर्गत सरकार के द्वारा 2024 तक साफ और सुरक्षित जल की आपूर्ति भारत के सभी घरों तक करने का निश्चय किया गया है।
- भारतीय मानक ब्यूरो एक भारतीय मानक संस्थान है जिसकी स्थापना **भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016** के द्वारा की गई है।
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।
- **यह केन्द्रीय उपभोक्ता और कार्यमंत्रालय** के अंतर्गत कार्य करता है।

## 2. अग्नि–2 मिसाइल का पहली बार सफल रात्रि परीक्षण किया गया

- भारत ने सतह से सतह पर मार करने वाली अग्नि–2 प्रक्षेपात्र मिसाइल का पहली बार सफल रात्रि परीक्षण किया है।
- इसका परीक्षण उड़ीसा में स्थित अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।
- यह मध्यम रेंज की बैलेस्टिक मिसाइल है। जिसे भारतीय सेना में पहले ही शामिल किया जा चुका है।

- इसकी मारक क्षमता 2 हजार किमी. है।
- यह मिसाइल 1 हजार किग्रा का परमाणु हथियार अपने साथ ले जाने में सक्षम है।

## 3. गुजरात के गांधीनगर में 6 दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया

- गुजरात, गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 6 दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन के द्वारा किया गया है।
- इस सम्मेलन की थीम है– **'भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में अच्छी और पुनः अपनाने योग्य परिपाटियाँ'।**
- स्वच्छ भारत अभियान के कारण पिछले एक साल में कैंसर, मलेरिया और हैजा से होने वाली मृत्यु में कमी दर्ज की गई है।
- मलेरिया **प्लाज्मोडियम** के कारण होता है। जिसका वाहक **मादा एनाफिलीज** मच्छर है।
- डायरिया **वायरस, जीवाणु या पैरासाईट** के कारण फैलने वाली एक संक्रमणकारी बीमारी है।
- कैंसर **असामान्य कोशिका वृद्धि** के कारण होता है।

## 4. ट्रेस (TRACE) ब्राइबरी रिस्क मैट्रिक्स 2019 का प्रकाशन

- **ट्रेस इंटरनेशनल** के द्वारा हाल ही में ट्रेस ब्राइबरी रिस्क मैट्रिक्स 2019 का प्रकाशन किया गया है।
- दक्षिण एशियाई देशों में रिश्वतखोरी का सबसे अधिक रिस्क **बांग्लादेश** (178) में है। जबकि भूटान (54) में सबसे कम है।
- **न्यूजीलैंड, नार्वे, डेनमार्क, स्वीडन फिनलैंड** में रिश्वतखोरी सबसे कम है। जबकि **सोमालिया, दक्षिण सुडान, नॉर्थ कोरिया, यमन और वेनेजुएला** में रिश्वतखोरी रिस्क सबसे अधिक है।

- **ट्रेस ब्राइबरी रिस्क मैट्रिक्स**

इस प्रकाशन के द्वारा विश्व के 200 देशों को चार प्रमुख मानकों के आधार पर रैकिंग प्रदान की जाती है–

1. *सरकार के साथ व्यापार सहभागिता।*
2. *रिश्वतखोरी निवारण नियमों का प्रवर्तन।*
3. *सरकार और नागरिक सेवा पारदर्शिता।*
4. *नागरिकता निरीक्षण की क्षमता।*

## 5. जस्टिस अकील अब्दुल हमीद कुरेशी ने त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

- जस्टिस **अकील अब्दुल हमीद कुरेशी** ने त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
- उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ त्रिपुरा के राज्यपाल **रमेश बैस** के द्वारा दिलायी गई।
- जस्टिस **अकील अब्दुल हमीद कुरेशी** बाम्बे और गुजरात हाई कोर्ट के जज रह चुके हैं।

## 6. बांग्लादेश की प्रसिद्ध गायिका रेज़वाना चौधरी बन्न्या को प्रतिष्ठित आई सी सी आर (ICCR) पुरस्कार

- बांग्लादेश की प्रसिद्ध रवींद्र संगीत व्याख्याता रेज़वाना चौधरी बन्न्या को प्रतिष्ठित आई सी सी आर पुरस्कार दिया गया है।
- यह पुरस्कार उन्हें बांग्लादेश में भारत की उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास के द्वारा प्रदान किया गया है।
- रेज़वाना चौधरी बन्न्या गायन की अपनी विशिष्ट शैली के लिए प्रसिद्ध हैं।

## 7. जम्मू कश्मीर और लद्दाख केन्द्रशासित प्रदेश में सुशासन प्रथाओं की प्रतिकृति पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन

- सुशासन प्रथाओं की प्रतिकृति पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन जम्मू कश्मीर और लद्दाख केन्द्रशासित प्रदेश में **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के राज्यमंत्री डा. जितेन्द्र सिंह** के द्वारा किया गया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का समापन जम्मू घोषणा–**'सुशासन संकल्प'** के साथ किया जाएगा।
- लोक शिकायत और प्रशासनिक सुधार विभाग और जम्मू कश्मीर, सरकार के सहयोग से यह आयोजन किया गया है।
- लोक शिकायत और प्रशासनिक सुधार विभाग **कार्मिक मंत्रालय** के अंतर्गत कार्य करता है। जिसका मुख्य कार्य राज्य और केंद्र सरकार एजेंसी के अंतर्गत आने वाली शिकायतों का समाधान करना और प्रशासनिक सुधार में भूमिका निभाना है।

## 8. 63 वीं राष्ट्रीय शॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता नई दिल्ली में शुरू

- 63 वीं राष्ट्रीय शॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता 17 नवंबर 2019 से नई दिल्ली में शुरू हो गई है।
- इस कार्यक्रम का घटनाक्रम इस प्रकार है–

  1. महिला ट्रैप– 17–18 नवंबर 2019
  2. पुरूष ट्रैप– 20–22 नवंबर 2019
  3. मिश्रित ट्रैप– 23 नवंबर 2019

- कार्यक्रम का समापन 30 नवंबर 2019 को मिश्रित स्कीट टीम प्रतिस्पर्धा के साथ किया जाएगा।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित में से किस अभियान के अंतर्गत सरकार के द्वारा 2024 तक साफ और सुरक्षित जल की आपूर्ति भारत के सभी घरों तक करने का निश्चय किया गया है?

a. जल जीवन मिशन

b. स्वजल स्कीम

c. जल शक्ति अभियान

d. मनरेगा

उत्तर– a

2. अग्नि–2 किस प्रकार की बैलेस्टिक मिसाइल है?

a. सतह से हवा में

b. हवा से हवा में

c. हवा से सतह पर

d. सतह से सतह पर

उत्तर– d

3. मलेरिया निम्नलिखित में से किसके कारण फैलता है?

a. वायरस

b. जीवाणु

c. प्लाज्मोडियम

d. उपरोक्त सभी

उत्तर– c

4. ब्राइबरी रिस्क मैट्रिक्स 2019 के अनुसार किस देश में रिश्वतखोरी का रिस्क सबसे कम है?

a. न्यूजीलैंड

b. भूटान

c. डेनमार्क

d. फिनलैंड

उत्तर– a

5. हाल ही में किस न्यायाधीश ने त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की है?

a. अकील अब्दुल हमीद कुरेशी

b. कल्पेश सत्येंद्र जावेरी

c. अमरेश्वर प्रताप शाही

d. अभय श्रीनिवास ओका

उत्तर– a

Read Daily Current Affairs 16 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 16 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 17 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile



www.pendulumedu.com